नई दिल्ली, रविवार
4 नवंबर 2018
गाजियाबाद
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 28+16+4=48

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

उलमा का एलान, भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन कर करें मुसलमान 10
विपक्षी नेता एके-47 की तरह झूठ बोलते हैं: मोदी 12

www.jagran.com दैनिक जागरण दीपोत्सव नई दिल्ली, 4 नवंबर 2018 V

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी सोसायटी में कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार ● जागरण

गायकों की प्रस्तुति ने लोगों को झूमने पर किया विवश

जासं, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी सोसायटी में दो दिवसीय मेले का आयोजन शुरू हो गया है। शनिवार को मेले में जाने-माने गायकों ने अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। तीन बजे से कार्यक्रम की शुरुआत गायकों ने अपनी सुरीली आवाज के साथ शुरू की। डीजे गायिका अंकिता ने संगीत के साथ रीमिक्स गानों से की। जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लौंग लाइची गीत की गायक मन्नत कौर ने पंजाबी गानों का ऐसा तड़का लगाया कि हर कोई संगीत की मस्ती में झूम उठा। बॉलीवुड के जाने माने गायक कमल खान ने इश्क सूफियाना गाने पर प्रस्तुति देकर माहौल को रंगारंग बना दिया। पंजाबी सिंगर सुक्खी ने जैगुआर गाना गाकर युवाओं में जोश भर दिया। संगीत और मनोरंजन से भरी शाम का अंत डीजे जुल्फी ने अंतिम प्रस्तुति देकर किया। दर्शक झूमने के साथ पलों को कैमरों में कैद करते दिखे। रविवार को कार्यक्रम का दूसरा दिन होगा। जिसमें परमिश वर्मा, डीजे गोरी सहित कई अन्य प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।